ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 08.12.2020

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- कूड़ा प्रबन्धन हेतु बनेगें चार कूड़ा ट्रान्सफर स्टेशन, मो0 बहादुरपुरा के कूड़ा ट्रान्सफर स्टेशन का कार्य पूरा तथा शाहबजनगर– निगोही रोड तिराहा, बरेली मोड़ तथा अहमदपुर निवाजपुर में स्थल चिन्हित किये गये।

नगर निगम द्वारा शहर में प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले कूड़े के उचित प्रबन्धन हेतु नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 04 स्थलो पर कूड़ा ट्रान्सफर स्टेशन बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके अन्तर्गत मो0 बहादुरपुरा फायर स्टेशन के पास कूड़ा ट्रान्सफर स्टेशन निर्माणाधीन है। इसके अतिरिक्त शाहबजनगर– निगोही रोड तिराहा, बरेली मोड़ तथा अहमदपुर निवाजपुर में कूड़ा ट्रान्सफर स्टेशन का स्थान चिन्हित किया गया है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्माणाधीन कूड़ा ट्रान्सफर स्टेशन का निरीक्षण एवं समीक्षा की गई। निर्माणाधीन कूड़ा ट्रान्सफर स्टेशन का कार्य शीघ्र ही पूर्ण कराने के साथ–साथ अन्य चिन्हित स्थलो पर कूड़ा ट्रान्सफर स्टेशन का कार्य तत्काल प्रारम्भ कराने का निर्देश दिया गया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में नगर क्षेत्र के मोहल्ले से उत्सर्जित होने वाले कूड़े की मात्रा लगभग 144 मीट्रिक टन है। जिसको नगर निगम के वाहनो द्वारा नगर निगम के कूड़ा डलाव मो0 ककरा कलां में पहुँचाया जाता है। कूड़ा ट्रान्सफर स्टेशन बनने से नगर निगम के ईधन व्यय में कमी तथा सुगम यातायात के साथ–साथ प्रदूषण में भी कमी होगी। कूड़ा ट्रान्सफर स्टेशन बनने के बाद शहर वर्तमान की तुलना में और अधिक स्वच्छ व सुन्दर दिखेगा।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर